# गोशालाओं में शैड निर्माण को बनाएं एस्टीमेट : विधायक सुधा

## सुभाष सुधा ने डीएमसी को बेसहारा पशुओं और बंदरों को पकड़ने के लिए निर्देश दिए

### चारे, बिजली के बिल और अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों को कहा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते विधायक सुभाष सुधा।

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि बारना और मथाना गोशालाओं में गऊओं के लिए जल्द शैड बनाए जाएंगे। इन शैड के एस्टीमेट बनाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इन शैड की अनुमानित लागत बनने के बाद जल्द ही बजट उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इसके अलावा गऊशालाओं में चारे, बिजली के बिल और अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

विधायक सुभाष सुधा उपायुक्त कार्यालय में गोशालाओं की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने मथाना व बारना गऊशालाओं में बिजली के बिल को ठीक करने, चारे की व्यवस्था करने, दोनों गऊशालाओं में शैड बनाने के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को लेकर उपायुक्त शांतनु शर्मा और अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी से बातचीत की है। इस बैठक के बाद विधायक सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि बारना और मथाना गऊशाला बेसहारा पशुओं को लंबे अर्से से सहारा देने का काम कर रही है। इन दोनों गोशालाओं में व्यवस्थाओं को ठीक रखना सभी का नैतिक दायित्व भी बनता है। इस नैतिक दायित्व का निर्वहन करने के लिए लगातार प्रयास भी किए जा रहे हैं।

### दानदाता दान देने को आगे आएं

समाज सेवी और धार्मिक संस्थाओं से भी अपील की जा रही है कि गोशालाओं में गो माता की देखरेख के लिए अधिक से अधिक दान देने के लिए आगे आएं।

विधायक ने कहा कि दोनों गऊशालाओं में पशुओं के रखरखाव के लिए शैड बनाए गए हैं। इसके लिए सरकार या प्रशासन की तरफ से बजट की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा गोशालाओं में चारे की व्यवस्था के लिए गांव के सरपंचों व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के माध्यम से प्रयास किए जाएं। इसके अलावा दानी सज्जनों से भी गोशालाओं के चारे के लिए अपील की जाए। विधायक ने डीएमसी को बेसहारा पशुओं और बंदरों को पकड़ने बारे उचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए है। इन पशुओं के कारण सर्दियों में धुंध के समय सडक दुर्घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए समय रहते आवश्यक प्रबंध किए जाए।

# धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए 13 तक करें आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

### सांगों का निर्देशन हरियाणा की संस्कृति की मर्यादा के अनुरूप किया हो

**जिला** सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला के पात्र कलाकार 13 दिसंबर 2022 तक धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए ई-मेल या डाक के माध्यम से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर के बाद प्राप्त होने वाले और अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

डीआईपीआरओ ने कहा कि चयनित कलाकार को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन आगामी 13 दिसंबर 2022 तक एससीओ नंबर 200-201 सेक्टर 17-सी चंडीगढ़ या पर ईमेल के माध्यम से विभाग को आवेदन भेजे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास सांगियों की रचनाओं के मंच निर्देशन के लिए कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना जरूरी है। साथ ही आवेदक हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है और यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सांगों का निर्देशन हरियाणा की संस्कृति की मर्यादा के अनुरूप किया हो। श्रेष्ठ निर्देशक अपने सहयोगी कलात्मक निर्देशक, संगीत निर्देशक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रकाश एवं ध्वनि इत्यादि तकनीकी स्टाफ के साथ तालमेल बनाने में दक्ष होना चाहिए। प्रार्थी की आयु 35 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए और प्रार्थी का सांगों के मंच संचालन में प्रतिष्ठित होना भी जरूरी है।

डीआईपीआरओ ने कहा कि प्रार्थी को सांग की रचनाओं के आधार पर स्क्रिप्ट तैयार करने अभिनय की बारीकियों और संगीत की जानकारी होना जरूरी है। प्रार्थी द्वारा सालाना कम से कम 10 सालों का निर्देशन एवं मंचन किया हो। चयनित किए जाने वाले व्यक्ति पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होना चाहिए और निर्देशित किए गए सांग शिक्षाप्रद व सामाजिक सरोकार से जुड़े होने चाहिए। अनिवार्य योग्यताओं के अनुरूप प्राप्त आयोजनों की छंटनी के बाद सांगियों को अपने पूरे दल के साथ विभाग द्वारा निर्धारित स्थान पर सांग महोत्सव में प्रस्तुति देनी होगी, जिसके आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा पात्र सांगी का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी होगी और चयन कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### लेमन रेस में मयंक मेहरा व दित्या रहे प्रथम


प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 में द्विदिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल-प्रतियोगिता की शुरूआत मार्च पास्ट से हुई। प्रतियोगिता में बैलून रेस, लेमन रेस, फ्रोग रेस, थ्रेड-नीडल रेस, स्कीपिंग रेस, रिले रेस, लॉन्ग जम्प, 100 मीटर, 200 मीटर तथा 400 मीटर रेस, खोखो, कबड्डी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के कक्षा पहली से आठवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। निष्पक्षता के आधार पर विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्रदान किए गए। कक्षा प्रथम से बैलून रेस में पर्व-विवान, अवनी-हरलीन प्रथम, देवस्य-कीरत, इशिका-रसिका द्वितीय, इहानी-इनाया तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी की थ्रेड-नीडल रेस में मान्या-अरनी प्रथम, परिधि-तन्वी द्वितीय, पर्वलीन-परमप्रीत तृतीय स्थान पर रही फ्रॉग-रेस में राहिल-राघव प्रथम, सुखमन-अभिजोत द्वितीय, नैवीस-परमप्रीत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीसरी में लेमन रेस में मयंक मेहरा, दित्या प्रथम, नरवीर, संभव द्वितीय, मयंक सैनी, यशिका तृतीय स्थान पर रहे। चौथी कक्षा की लड़कियों की स्किंपिंग रेस में युवी प्रथम, हिमाक्षी द्वितीय और हिताक्षी तृतीय स्थान पर रही। रिले रेस में स्पोट्र्स और इंटीग्रेशन हाउस प्रथम रहें, हेरिटेज और हेल्थ हाउस के विद्यार्थी द्वितीय स्थान पर रहें। लड़के और लड़कियों की खो-खो में स्पोट्र्स और इंटीग्रेशन हाउस विजय रहे। लड़कियों की कबड्डी में हेरिटेज और इंटीग्रेशन हाउस प्रथम रहा और लड़कों की कबड्डी में हैल्थ और स्पोट्र्स हाउस विजयी रहें। खेल प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह व मुख्य अध्यापक वीरेंद्र सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### संतों से जुड़े स्थलों का भ्रमण करने के लिए किए आवेदन आमंत्रित

**सोनीपत।** जिला कल्याण अधिकारी राजबीर सिंह ने कहा कि अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा महान संतों से जुड़े स्थलों का भ्रमण करने के लिए 15 दिसंबर तक आवेदन मांगे गए हैं। अनुसूचित जाति से संबंधित लाभार्थी अंत्योदय सरल केंद्र के जरिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संतों से जुड़े स्थलों का भ्रमण करने वाले आवेदक को आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, वोट कार्ड के साथ ही गैर सरकारी कर्मचारी होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि विभागीय नियमानुसार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से 100 लाभार्थियों को इसका लाभ प्रदान किया जाएगा। आवेदक हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा किसी सरकारी उपक्रम संगठन व प्राधिकरण का कर्मचारी नहीं होना चाहिए। आवेदकों का पंजीकरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। लाभार्थी को सरकार द्वारा एक हजार रुपए की राशि अथवा द्वितीय श्रेणी की ट्रेन टिकट व आने जाने के वास्तविक व्यय जो भी कम हो, की अदायगी की जाएगी।

### वेतन नहीं मिला तो कर्मचारी धरना शुरू करेंगे : विनोद शर्मा

**सोनीपत।** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की शाखा पब्लिक हेल्थ सोनीपत का संस्था शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में कार्यकारी अभियंता जितेन्द्र सिंह हुड्डा के साथ कार्यकारी अभियंता डिवीजन नंबर दो कार्यालय में मीटिंग हुई। मीटिंग में संस्था शिष्टमंडल ने कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों के समाधान को लेकर बातचीत की। बैठक में संस्था शिष्टमंडल ने कर्मचारियों की नवंबर माह का वेतन अभी तक नहीं मिला है। जिसके कारण डिवीजन में कार्यरत लगभग 350 कर्मचारियों में वेतन नहीं मिलने के कारण भारी रोष व्याप्त है। अगर कर्मचारियों के वेतन का जल्द से जल्द समाधान नहीं होता है तो कर्मचारियों के रोष को देखते हुए संगठन को मजबूरन कार्यकारी अभियंता कार्यालय के खिलाफ वेतन नहीं मिलने तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कार्यकारी अभियंता की होगी। आज की मीटिंग में जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ब्रांच चैयरमेन धूप सिंह लाकड़ा, ब्रांच उपप्रधान रणबीर सिंह, ब्रांच सह सचिव सतबीर शर्मा, डिप्टी सुपरिटेंडेंट जोगिंदर सिंह, असिस्टेंट कुलदीप कुमार, क्लर्क राजेश भटनागर आदि मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों ने जीती सीबीएसई नोर्थ जोन लॉन टेनिस चैंपियनशिप



**सोनीपत।** होशियारपुर के सिल्वर ओक स्कूल में आयोजित नोर्थ जोन सीबीएसई लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन कर दिया। इस चैंपियनशिप के दौरान लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ी यश डबास, उत्कर्ष, पुष्कर, रिदम, तनिष्क, प्रिंस, प्रिंसी, जैसबीन, खुशी दहिया, आलिया, इशिका, वर्षा, अंजली राठी, तमन्ना, निशांत व अरन्तया, ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 बालक वर्ग के फाइनल मैच में चण्डीगढ़ की टीम को 6-1, 6-1 के स्कोर व बालिका वर्ग के फाइनल मैच में 6-2 के स्कोर से हराकर शानदार जीत हासिल की। अंडर-17 बालिका वर्ग में सिरसा के सतलुज पब्लिक स्कूल को 6-3, 6-2 के स्कोर से फाइनल मैच जीतकर टाइटल पर कब्जा किया। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल मैच में चंडीगढ़ की टीम से युगल मुकाबले में मैच खेलते हुए 3-6, 3-6 के स्कोर से रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में नार्थ जॉन से लगभग 30 टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यालय पहुंचने पर सभी विजयी खिलाड़ियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। अभिभावकों ने इस जीत का श्रेय स्कूल प्रशासन को दिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होगी चिरायु योजना

## 1.80 लाख प्रतिवर्ष से कम आय वाले परिवारों को उपचार मिलेगा

### सिविल अस्पताल में नुक्कड नाटक के माध्यम से चिरायु योजना के लिए लोगों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



**सिविल** अस्पताल में चिरायु योजना को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं ने नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर सामान्य अस्पताल में आने वाले लोगों को जागरूक किया।

समाजसेवी एवं वर्मा लैब के संचालक प्रवीण वर्मा ने कहा कि पहले गरीब परिवार में कोई व्यक्ति बीमार हो जाता था तो उस परिवार के पास इतना पैसा नहीं होता कि वह उस व्यक्ति का इलाज एक अच्छे अस्पताल में करवा सके। पैसे के अभाव के कारण देश में लाखों लोगों की बिना इलाज के मृत्यु हो जाती थी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब लोगों की पीड़ा को महसूस किया और एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश के गरीबों के फ्री ईलाज के लिए 2018 में आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में इस योजना का विस्तारीकरण करते हुए चिरायु योजना की शुरूआत की जो गरीब लोगों के लिए वरदान शाबित होगी। प्रवीण वर्मा ने बताया कि जिला में चिरायु योजना के तहत आज सिविल अस्पताल में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया है।

# गीता निकेतन विद्या मंदिर में मनाया स्वदेशी दिवस

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


विद्यार्थियों को संबोधित करते विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार।

**विद्या** भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वावधान विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र विद्यालय में स्वदेशी दिवस अर्थात बाबू गेनू बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: वंदना सत्र में शिवाजी सदन द्वारा किया गया।

इस दौरान विद्यालय से कक्षा सप्तम के छात्र कर्तव्य ने बाबू गेनू के जीवन पर प्रकाश डाला एवं कक्षा अष्टम की छात्रा अनु ने स्वदेशी के महत्व के विषय में बताया। विद्यालय से कक्षा पंचम के छात्रों ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रधानाचार्य एवं छात्रों ने बाबू गेनू को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने छात्रों को बताया कि विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आंदोलन में बाईस वर्षीय बाबू गेनू ने 12 दिसंबर 1930 को अपना बलिदान दिया और स्वदेशी आंदोलन के प्रथम बलिदानी बने। प्रधानाचार्य ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हम सभी को अपने देश की परंपरा संस्कृति का आदर करना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए। हमें अपना समाज को सभ्य बनाना है। विदेशी चकाचौंध से दूर रहना है। स्वदेशी के लिए शहादत देने वाले शहीद बाबू गेनू के बलिदान को राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।

# सात ग्राम स्मैक के साथ आरोपी किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 7 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसका बेटा पहले ही नशा तस्करी में जेल में बंद है। अब पिता भी नशे का कारोबार कर रहा था। आरोपी को 7 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सैल के इंचार्ज प्रमोद वालिया ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि गढ़ी रोड हमीदा में एक व्यक्ति नशे की खेप बेच रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सतीश, कृष्ण, राजिंदर, अमरजीत व महिला पुलिसकर्मी सरस्वती की टीम का गठन किया गया। टीम ने उसे गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट खेल विभाग के कोच ललित कुमार को बुलाया गया।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में गुरुकुल की टीम रही प्रथम

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग व अन्य

**भारत** को जानो प्रतियोगिता के चौथे चरण में भी गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिसे लेकर गुरुकुल के छात्रों में हर्ष का माहौल है। छात्रों की सफलता पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक कर्नल अरुण दत्ता, प्राचार्य सूबेप्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने विजेता छात्रों सहित विज्ञान विभागाध्यक्ष सुशील कुमार को बधाई दी।

जानकारी देते हुए निदेशक कर्नल अरुण दत्ता ने बताया कि 11 दिसम्बर को गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में भारत विकास परिषद् द्वारा क्षेत्रीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली जोन से 5 टीमें और हरियाणा जोन से 4 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को कायम रखते हुए गुरुकुल कुरुक्षेत्र के चिराग व दिव्यांश की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विजेता छात्रों को ट्राफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

# वेतन को लेकर अधिकारी से मिले कर्मचारी

**सोनीपत।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की ब्रांच कमेटी सोनीपत के पदाधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह यूनियन कार्यालय पर कर्मचारियों की नवंबर माह की सैलरी न मिलने के कारण रोष जताया। कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की।

नारेबाजी के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने गोहाना रोड पर कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के डिवीजन नंबर दो सोनीपत से ब्रांच के पदाधिकारियों ने अधिकारी से मुलाकात की। जिसमें लगभग 300 कर्मचारियों की सैलरी रोक दी गई है। जिससे कर्मचारियों की परिवारिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्हें काफी हताश होना पड़ा। इस अवसर पर रणबीर दलाल, रामचंद्र लाठिया, मुकेश बिडा, रामलाल, राजकुमार शर्मा, दिलबाग, सत्यवान गन्नौर व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# बच्चों को संस्कृति, परंपरा और विभूतियों के बारे में बताएं : डा. वीरेंद्र चौहान

### मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा ग्रंथ एकेडमी के उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र चौहान पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**किड्स** डीपीएस मोहन नगर का वार्षिक उत्सव निजी होटल में धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा ग्रंथ एकेडमी के उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र चौहान तथा विशिष्ठ अतिथि दयानंद महिला महाविद्यालय से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुमन रहीं।

विद्यालय के नन्हे मुन्नों ने देश की संस्कृति का अनुसरण कर हरियाणवी वेशभूषा में अतिथियों को फूल भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथियों द्वारा देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सबसे पहले केजी की छात्रा अहाना शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना की गई। इसके पश्चात नर्सरी कक्षा की छात्राओं द्वारा अतिथियों का स्वागत स्वागतम गीत के साथ किया। निदेशक बीडी गाबा द्वारा अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन उनके स्वागत शब्दों के साथ किया गया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ देशभक्ति से ओत प्रोत गीत जय हो पर केजी कक्षा के नन्हे मुन्नों द्वारा डांस करके की गई। बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की थीम जंगल रखी गई जिसे दर्शाने के लिए प्री नर्सरी के बच्चों ने जंगल के जानवरों की वेश भूषा पहन कर स्टेज पर रैंप वॉक की।

# छुट्टियों के इस सीजन वी विदेश जाने वाले यूजर्स के लिए लाया 'सही मायनों में अनलिमिटेड डेटा एवं वॉइस का शानदार अनुभव'

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/हिसार

**क्रिसमस** एवं नया साल आ रहा है, ऐसे में भारतीय यात्री नए साल का जश्न मनाने के लिए अपने पसंदीदा विदेशी गंतव्यों पर छुट्टियां मनाने के लिए तैयार हैं। यात्रा के रूझानों की बात करें तो भारत से विदेश जाने वाले 90 फीसदी पर्यटक लोकप्रिय गंतव्यों जैसे यूएस, यूरोपीय देशों (जैसे यूके, फ्रांस, इटली, जर्मनी, ग्रीस आदि), तुर्की, दुबई, सिंगापुर, थाईलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड आदि देशों की यात्रा करते हैं। इन गंतव्यों पर छुट्टी मनाने वाले पर्यटक अब 'सही मायनों में अनलिमिटेड कनेक्टिविटी' का लाभ उठा सकते हैं।

ऐसे सभी यात्रियों के लिए वी अपने इंटरनेशनल रोमिंग (आईआर) पैक्स पर 'ट्रूली अनलिमिटेड डेटा एवं वॉइस एक्सपीरिएंस' (सही मायनों में डेटा एवं वॉइस का अनलिमिटेड अनुभव) लेकर आया है, जिसमें 'स्पीड थ्रॉटलिंग' की कोई छिपी शर्तें नहीं हैं, जिसके साथ यूजर अपना डेटा कोटा खत्म होने के बाद भी स्ट्रीमिंग का बेहतरीन अनुभव पा सकते हैं। भारत में किसी भी अन्य ऑपरेटर की आईआर रोमिंग सर्विस निर्धारित डेटा लिमिट के दायरे से बाहर जाकर स्पीड थ्रॉटलिंग के बिना अनलिमिटेड डेटा उपलब्ध नहीं कराती।''

पोस्टपेड यूजर्स के लिए वी के आईआर पैक्स 24 घण्टे से 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते हैं, लोकप्रिय गंतव्यों के लिए डेटा कोटा पर 'कोई लिमिट' नहीं है जो सुनिश्चित करते हैं कि यूजर स्ट्रीमिंग, वीडियो कॉलिंग एवं अपने प्रियजनों को तस्वीरें एवं वीडियोज भेजते समय सहज अनुभव पा सकें।

इसके अलावा, नेटवर्क गंतव्यों में सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदाताओं के साथ वी की साझेदारी सुनिश्चित करती है कि वी के यूजर यात्रा के दौरान जहां चाहे कनेक्टिविटी पा सकें। वी के सभी पोस्टपेड रोमिंग पैक्स पर 'ऑलवेज ऑन' फीचर सुनिश्चित करता है कि सब्सक्राइब किया गया पैक एक्सपायर होने के बाद भी इंटरनेशनल रोमिंग पर मनमाना शुल्क न वसूला जाए।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार समिति करती है मानव हित में किए अधिकारों की रक्षा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**राष्ट्रीय** मानवाधिकार समिति की एक बैठक समिति के राष्ट्रीय कन्वीनर एवं पूर्व जज डॉ. आनंद वर्धन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें भारी संख्या में समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार समिति हरियाणा के उप संयोजक महेश शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही समिति की एक प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन जिला यमुनानगर के छछरौली में किया जाएगा। इस अवसर पर शिब्बू शर्मा, अजय कुमार एडवोकेट आदि भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय कन्वीनर एवं पूर्व जर्ज डा. आनन्द वर्धन ने राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस हमें समानता, न्याय, स्वतंत्रता, आत्मसम्मान, गरिमा, बंधुत्व, भाषण की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है और सबसे महत्त्वपूर्ण गौरव है कि हम सब मानव हैं और इंसानियत ही हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार समिति जनता के सभी अधिकारों की रक्षा के लिए कई वर्षो से कार्यरत है। आगे भी उनके हर संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। राष्ट्रीय संयोजक डा. आनन्द वर्धन एवं हरियाणा बाल विकास समिति के उपसंयोजक महेश शर्मा ने बताया कि 10 दिसम्बर 1948 के दिन राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया गया था।

# यूफ्लेक्स ने मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया

पायनियर समाचार सेव। नोएडा

यूफ्लेक्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अशोक चतुर्वेदी ने न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की बैठक में एलायंस टु एंड प्लास्टिक वेस्ट बोर्ड की बैठक में मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक को दोबारा रिसाइकिल करने के बारे में अपने विचारों और दृष्टिकोण को साझा किया। यूफ्लेक्स भारत में फ्लेक्सबिल पैकेजिंग मटीरियल और सोल्यूशन के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी है।

इस कंपनी को दुनिया भर में मिक्सड प्लास्टिक वेस्ट की रिसाइक्लिंग की पहली कंपनी होने का श्रेय दिया जाता है। कंपनी का रिसाइक्लिंग संयंत्र भारत के एनसीआर क्षेत्र, नोएडा में 1995 से है। कंपनी के रिसाइक्लिंग के दिशा में किए गए प्रयासों की दावोस रिसाइक्लिंग फोरम और भारत सरकार ने पहचान की है। न्यूयॉर्क में हुई एईपीडब्ल्यू की बोर्ड मीटिंग में चतुर्वेदी ने दुनिया भर में मल्टी-लेयर मिक्स्ड प्लास्टिक के लगातार एवं अत्यावश्यक इस्तेमाल का मुद्दा मजबूती से उठाया। यह जरूरी और आवश्यक कई पदार्थों की पैकेजिंग के लिए अवरोधक का काम करते हैं, जिसमें फूड प्रॉडक्ट्स भी शामिल हैं। यह तेज रफ्तार से पैकेजिंग के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। इन्हें 100 फीसदी रीसाइकिल किया जा सकता है। चतुर्वेदी की एईपीडब्ल्यू बोर्ड के सामने दी गई प्रेजेंटेशन में नोएडा, पौलेंड और मैक्सिको में यूफ्लेक्स के रिसाइक्लिंग संयंत्र का वर्चुअल दौरा भी शामिल था। इन संयंत्रों में उपभोक्ताओं के इस्तेमाल के बाद मिक्स्ड प्लास्टिक वेस्ट को घरों में काम आने वाले उपयोगी पदार्थों और इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक प्रॉडक्ट्स के रूप में तब्दील किया जाता है। जैसे कूड़ेदान, आउटडोर फर्नीचर और अन्य वस्तुओं का निर्माण रिसाइकिल किए गए प्लास्टिक प्रॉडक्ट्स से किया जाता है। यूफ्लेक्स की नोएडा में एडवांस्ड इंजेक्शन मोल्डिंग की फैक्ट्री है।